**स्वच्छता अभियान** | अभियान के तहत दिया जाएगा स्वच्छता का संदेश

# पर्यावरण दिवस पर निकलेगी जनजागरुकता रैली

**नवभारत जबलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आज आरोग्य भारती महाकोशल प्रांत और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरणीय रैली एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा सतत विकास के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और नागरिकों में पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।

आरोग्य भारती के प्रांत पर्यावरण प्रमुख इंजी. देवेंद्र श्रीवास्तव ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे,



महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सुनील भागवंदानी, विभिन्न वार्डों के पार्षद, नगर निगम के प्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया की कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र जामदार होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेश धीरावणी करेंगे। आयोजन के दौरान पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श भी किया जाएगा तथा स्वच्छ एवं हरित जबलपुर के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। वहीं पत्रकार वार्ता में मौजूद रहीं आरोग्य भारती की प्रान्त सहसचिव अनीता मिश्रा ने कहा की आरोग्य भारती 27 आयामों पर कार्य करती है उन्होंने बताया की आरोग्य भारती का मुख्य उद्देश्य जीवनशैली को पुनर्जीवित करना है।

आयोजकों के अनुसार रैली अहिंसा चौक, एकता चौक, सनातन चौक और विजय नगर क्षेत्र से होकर विजय नगर होते हुए शिव तिकोना पार्क पहुंचेगी जहां इसका समापन होगा। रैली के दौरान नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता और सतत विकास के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। आयोजकों ने शहरवासियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, विद्यार्थियों, युवाओं और पर्यावरण प्रेमियों से बड़ी संख्या में शामिल होकर अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

### कल चित्रकला स्पर्धा और चिकित्सा शिविर

विश्व पर्यावरण दिवस पर आरोग्य भारती और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में 6 जून को बच्चों के लिए चित्रकला स्पर्धा और चिकित्सा परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया है।

### गुलौआताल में होगा विशेष आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कल्पवृक्ष फाउंडेशन जबलपुर द्वारा गुलौआ ताल में पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 7:30 बजे होगा जिसमें शहर के पर्यावरण प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं आम नागरिक सहभागिता करेंगे। कल्पवृक्ष फाउंडेशन, भारतीय योग संस्थान एवं मॉर्निंग वॉकर्स समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे जनजागरूकता कार्यक्रम काउद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा धरती को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए सामूहिक संकल्प दिलाना है।प्रकृति प्रेमियों के मुताबिक इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक अवसर - आओ मिलकर करें पर्यावरण का संरक्षण' इस थीम पर पौधारोपण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने, ऊर्जा बचाने और स्वच्छता अपनाने की अपील की जाएगी।



# थ्री आर कलेक्शन सेन्टर बना जरूरतमंदों के चेहरों की मुस्कान

**बिलहरी में रीसायकल कलेक्शन ड्राइव का सफल आयोजन**

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर आई.ई.सी. टीम और हेल्पिंग हैंड्स क्लब की जागरूक महिलाओं ने मिलकर जोन-11, वार्ड-66 के अंतर्गत आने वाली पिंक सिटी, बिलहरी में एक विशाल थ्री-आर रिड्यूज, रीयूज, रीसायकल कलेक्शन ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अनुपयोगी चीजों को दोबारा इस्तेमाल में लाकर पर्यावरण को बचाना और साथ ही समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना।

इस संबंध में अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि थ्री आर कलेक्शन एक्सप्रेस के इस आवाह्न पर पिंक सिटी के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। लोगों ने अपने घरों से ऐसे वस्त्र, जूते, खिलौने और अन्य आवश्यक घरेलू सामग्रियां निकालीं, जो अच्छी स्थिति में थीं और किसी और के काम आ सकती थीं। नागरिकों ने इन सामग्रियों को दान स्वरूप टीम को दिया।

### जरूरतमंदों तक पहुंची सामग्रियां

इस अभियान के अंतर्गत पिंक सिटी से एकत्रित की गई सामग्रियों को नगर निगम की आई.ई.सी. टीम और हेल्पिंग हैंड्स क्लब की महिलाओं द्वारा टेमर भीटा एवं सिद्ध नगर क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचाया गया। इन बस्तियों के बच्चों को खेलने के लिए खिलौने, बड़ों को पहनने के लिए अच्छे कपड़े और जूते मिले। अपनी जरूरत का सामान पाकर बच्चों और महिलाओं के चेहरों पर जो निश्छल मुस्कान लौटी, उसने इस पूरे अभियान की सार्थकता को साबित कर दिया।

## एक नजर में



### दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में लोकल लेवल कमेटी की बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, लालमाटी में जिला लोकल लेवल कमेटी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें संयुक्त संचालक सोनम बर्वे, सदस्य रजनीश अग्रवाल, सदस्य अधिवक्ता शुभांकोरी बैनर्जी और डीडीआरसी स्टाफ ने हिस्सा लिया। इस दौरान मानसिक दिव्यांगता, सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म और बहुविकलांगता से प्रभावित 18 वर्ष से अधिक आयु के 5 हितग्राहियों के अभिभावकों को लोकल गार्जियनशिप प्रमाण-पत्र सौंपे गए, साथ ही अधिवक्ता शुभांकोरी बैनर्जी ने विभिन्न शासकीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि हर महीने के पहले गुरुवार को आयोजित होने वाली इस बैठक का लाभ सभी पात्र हितग्राही ले सकते हैं। लीगल गार्जियनशिप प्रमाण-पत्र बनवाने के इच्छुक परिवार कार्यालय संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र, लालमाटी में संपर्क कर सकते हैं।

### त्रिविधा नृत्य संस्था द्वारा कथक नृत्य आज

**नवभारत,जबलपुर।** त्रिविधा नृत्य संस्था एवं शहीद स्मारक



सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में नृत्य गुरु नीलांगी कलंत्रे के संयोजन में विभिन्न रूप से कथक नृत्यों का आयोजन 5 जून को शाम 6 बजे से शहीद स्मारक सभागार में किया गया हैं जिसमें नीलांगी कलंत्रे द्वारा गणेश वंदना की जाएगी।इसके बाद तीन ताल, झपताल, केदार तराना, छोटे बच्चों द्वारा कठपुतली नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। श्रीकृष्ण द्वारा रचित लीला, सूरदास जी द्वारा रचित एक पद प्रस्तुत कियाया जाएगा जिसकी संरचना पंडित रोहिणी भाटे द्वारा की गई है। अंत में 'गीत गोविंद' की प्रस्तुति से समापन होगा 7 त्रिविधा संस्था ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

### चित्त शुद्धिकरण ही सबसे बड़ी साधना : आचार्य हितेष चैतन्य

**नवभारत, जबलपुर।** श्रीराम मंदिर, मदन महल की तत्वबोध वेदांत पाठशाला में चिन्मय विद्या पीठ के आचार्य हितेष चैतन्य ने कहा कि सद्गुणों को बढ़ाना और चित्त शुद्धिकरण ही सबसे बड़ी साधना है। मन शुद्धि हेतु बुद्धि को स्वावलोकन से सूक्ष्म व शुद्ध बनाना जरूरी है। विषय में उलझने के बजाय निष्पक्ष रहने से बुद्धि निर्मल होती है। संसार में शामिल हुए बिना साक्षी भाव से देखना ही चित्त-बुद्धि का शुद्धिकरण है। बाह्य साधन वित्त (लौकिक) और आंतरिक साधन चित्त (आध्यात्मिक) हैं। वित्त को चारों पुरुषार्थों में सर्वोपरि रखने के बजाय जीवन भर चित्त का चिंतन-मनन करना आवश्यक है।

**चैतन्य स्वरूप पुरुष और स्थूल शरीर**-आचार्य चैतन्य ने बताया कि स्थूल शरीर में स्थित चैतन्य स्वरूप ही पुरुष है, जो धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष नाम के चार पुरुषार्थों की इच्छा करता है। यह शरीर पंचीकृत पंचमहाभूतों से निर्मित, सत्कर्मजन्य और भोग का पात्र है, जहाँ जीवात्मा कर्मानुसार सुख-दुख भोगती है। यह शरीर सत्कर्मों से उत्पन्न होता है। यहाँ सत्कर्म का अर्थ पुण्य नहीं, बल्कि अस्तित्ववान है, यानी ऐसे कर्म जिनकी फल देने की सत्ता बन गई है और जो फल देने के लिए तैयार हैं।

**प्रारब्ध कर्म और सूक्ष्म शरीर की 17 कलाएं**-उन्होंने कहा कि यह शरीर प्रारब्ध कर्मों का परिणाम है जो अपंचीकृत पंचमहाभूतों से निर्मित है, जिससे जीवात्मा सुख-दुख का अनुभव करती है। सूक्ष्म शरीर सुख-दुख भोगने का साधन है। इसकी सप्तदशकलाएं अर्थात 17 कलाएं (पंच ज्ञानेंद्रियां, पंच कर्मेंद्रियां, पंच प्राण, एक मन और एक बुद्धि) भोग के साधन हैं। वेदांत की अगली कक्षाएं 6-7 जून को शाम 4 से 6 बजे तक होंगी।

### डुमना नेचर पार्क में पौधरोपण आज से

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप पौधारोपण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि आज प्रात: 09:00 बजे से डुमना नेचर पार्क में विभिन्न प्रजातियों के पौधों के अलावा औषधीय पौधे भी लगाये जायेगें। उन्होंने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्यजनों के साथ-साथ छात्र-छात्राएं भी भागीदारी करेगें। महापौर श्री अन्नू ने इस पुनीत कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

# अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा का सम्मान



**एआईआरईडब्ल्यूए ने किया सम्मान**

**नवभारत, जबलपुर।** ऑल इंडिया रिटायर्ड एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष काजल कुमार विश्वास द्वारा अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा का सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज और कर्मचारी हितों में उल्लेखनीय कार्यों तथा कुशल संगठनात्मक नेतृत्व की सराहना के रूप में दिया गया।


इस मौके पर काजल कुमार विश्वास ने कहा कि अमित मेहरा कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और सामाजिक समस्याओं को सुलझाने में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जिससे कई हितग्राहियों को लाभ पहुंचा है और संगठन को नई दिशा मिली है।

### आभार, संकल्प और उपस्थिति

सम्मान स्वीकार कर अमित मेहरा ने एसोसिएशन का आभार जताते हुए इसे अजाक्स संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया तथा भविष्य में भी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मौजूद प्रबुद्धजनों ने दोनों संगठनों के आपसी तालमेल की प्रशंसा की। इस अवसर पर अजाक्स संघ नगर निगम जबलपुर और वरिष्ठ नागरिक परिषद सहित गुलशन जबलपुरी, अक्षय कोरी, रामा राव नरासामुल, राजन पटेल, कोयरी नायडू, शिवमोहन द्विवेदी, देवा मेहरा, रामाराव मगरदे, अनिल शुक्ला, डी. के. निगम, पुष्पा दुबे, गुरमुख दास, एम. एल. अग्निहोत्री, संतोष पवार, महेन्द्र मलिक, सुनील संगोटिया, संगठन मंत्री मानसिंह तोमर और राहुल कोरी उपस्थित रहे।

# अब तक 70 कुंओं की सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य पूरा

**जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण का हो रहा काम**



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जल संरक्षण एवं जल स्त्रोंतों को संवर्धन करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों के तहत् शहर के सभी प्रमुख ताल तलैयों के अलावा कुओं की भी सफाई कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर शुरू हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान जबलपुर में अब एक महा-अभियान का रूप ले चुका है। इस अभियान के तहत नगर निगम द्वारा बेहद सराहनीय और योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। शहर के पारंपरिक ताल-तलैयों और बावलियों की सफाई के साथ-साथ 100 ऐतिहासिक और पारंपरिक कुओं के कायाकल्प का बड़ा लक्ष्य तय किया गया है। इस अभियान के तहत अब तक 70 ऐतिहासिक कुओं की सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य पूरा किया जा चुका है।

प्रभारी आयुक्त अरविंद शाह एवं कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले कई प्रमुख और ऐतिहासिक कुओं को इस अभियान के तहत आज नया जीवन मिला है, जिसमें ताज पैलेस के पास, जमुनिया कुआँ, और गढ़ा बाजार का प्रसिद्ध चिकनी कुआँ, तैयावली पेट्रोल पंप के पास स्थित कुआँ, छोटा जैन मंदिर के पीछे सुधासागर का कुआँ, शाही नाका मोहन बिहार कॉलोनी पार्षद के घर के सामने का कुआँ और यातायात चैक के पास स्थित ऐतिहासिक कुआँ आदि शामिल हैं।

# गोंडवाना संरक्षण संघ और गणतंत्र पार्टी ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, जबलपुर।** बलिदान भूमि पर कैंटीन के विरोध में गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और सामाजिक संगठनों ने गोंडवाना चौक पर एकदिवसीय धरना दिया। राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह संग्रहालय सामने प्रदर्शन में डोमा परिसंघ, बहुजन एकता मोर्चा व भीम आर्मी पदाधिकारी शामिल हुए। रांझी मजिस्ट्रेट/तहसीलदार को राष्ट्रपति नाम सौंपे 5 सूत्रीय मांग पत्र में शहीद राजाओं हेतु 52 फीट कीर्ति स्तंभ, हाथी पर शेर अंकित प्रतीक द्वार, आदिवासियों हेतु भवन-कार्यालय, 1857 की क्रांति के आदिवासी बलिदानियों हेतु लाइब्रेरी बनाने और कोलकाता म्यूजियम में सुरक्षित राजाओं के अस्त्र-शस्त्र यहाँ स्थापित करने की मांग की गई।

सभा को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी राष्ट्रीय महासचिव अमानसिंह पोर्ते, गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, जिलाध्यक्ष नेमसिंह मरकाम, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अजय झारिया, उत्तम सिंह ताराम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिलाध्यक्ष सखावत खान, बहुजन चेतना विकास मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमराज झारिया, सरमन रजक, राधे झारिया और भीम आर्मी अध्यक्ष संजू झारिया ने संबोधित किया। इसमें बालकिशन चौधरी, सूरज चौधरी, जगदीश नन्हेट, राजेन्द्र चौधरी, बालाघाट जिलाध्यक्ष नंदलाल उईके, कटनी परिसंघ जिलाध्यक्ष पूर्णेश उईके, राजेंद्र कापसे और मुक्तेश्वर राव का विशेष सहयोग रहा। प्रदर्शन में संगठनों के डी. एल. कोर्चे, कलावती मार्को, विमल अगरिया, मंगला, अंजना इनवाती, कौशल्या उईके, मनु सिंह मरावी, आकाश चौधरी, और बालसिंह मरावी सहित सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। संचालन नेमसिंह मरकाम एवं आभार अजय झारिया ने किया।

# समर वेकेशन को बनाया कला वेकेशन, 12वीं की छात्रा का अनोखा स्टार्टअप

**चंद्र सी मनवानी पढ़ाई के साथ सिखा रहीं होम डेकोर की आधुनिक कलात्मक तकनीक**

**नवभारत जबलपुर।** जहां अधिकांश विद्यार्थी गर्मी की छुट्टियों को मनोरंजन और आराम में बिताते हैं, वहीं शहर की 12वीं कॉमर्स की छात्रा चंद्र सी मनवानी ने समर वेकेशन को 'कला वेकेशन' में बदलते हुए एक रचनात्मक स्टार्टअप की शुरुआत की है। वे टिशू टेक्सचर आर्ट के माध्यम से युवाओं, महिलाओं और कला प्रेमियों को आधुनिक होम डेकोर तकनीकों का प्रशिक्षण दे रही हैं।

शहर में टिशू टेक्सचर आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागियों को टिशू पेपर और विभिन्न टेक्सचर तकनीकों के जरिए आकर्षक थ्री





डी कलाकृतियां बनाना सिखाया जाएगा। कार्यशाला में रंग संयोजन, टेक्सचर निर्माण, डिजाइनिंग और कैनवास आर्ट की बारीकियों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

चंद्र सी मनवानी ने बताया कि कला केवल शौक नहीं बल्कि रोजगार और स्वरोजगार का भी माध्यम बन सकती है। इसी सोच के साथ उन्होंने अपने हुनर को स्टार्टअप का रूप देते हुए लोगों को होम डेकोर से जुड़ी कलात्मक तकनीकें सिखाने का निर्णय लिया। उनका उद्देश्य युवाओं को रचनात्मकता के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। वर्कशॉप में प्रतिभागियों को स्वयं कलाकृतियां तैयार करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे व्यावहारिक रूप से टेक्सचर आर्ट सीख सकेंगे।

### ये है टिशू टेक्सचर आर्ट

टिशू टेक्सचर आर्ट एक आधुनिक कला शैली है, जिसमें टिशू पेपर, रंगों और विशेष टेक्सचर तकनीकों का उपयोग कर त्रिआयामी (3डी) प्रभाव वाली आकर्षक कलाकृतियां तैयार की जाती हैं। वर्तमान में यह कला शैली होम डेकोर, कैनवास आर्ट और हस्तनिर्मित सजावटी उत्पादों के क्षेत्र में तेजी से लोकप्रिय हो रही है तथा स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान कर रही है

### इनका कहना है

मेरी यह पहल युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर करते हुए उनके रचनात्मक हुनर को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने का प्रयास है। मेरा विश्वास है कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि स्वरोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी प्रदान कर सकती है।

**चन्द्र सी मनवानी**
**कक्षा 12 वीं की कॉमर्स छात्रा**

**सफलता** | विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

# जेईई एडवांस्ड 2026 में आकाश के विद्यार्थियों ने लहराया परचम





**नवभारत, जबलपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज़ लिमिटेड ने एक बार फिर जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में शानदार परिणाम दिया है। राष्ट्रीय स्तर पर आकाश के छात्रों ने टॉप 100 ऑल इंडिया रैंक्स में कई रैंक हासिल कीं, जिनमें एआईआर 4, 17, 35, 41, 42, 52, 59, 63, 86 और 94 शामिल हैं। इस कामयाबी के साथ जबलपुर रीजन के विद्यार्थियों ने भी परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा साबित की। जबलपुर के अचीवर्स में हर्षवर्धन गुप्ता ने 200 अंकों के साथ एआईआर 1825 हासिल कर क्षेत्र में शीर्ष स्थान पाया। उनके बाद राघवेंद्र उपाध्याय ने 180 अंकों के साथ एआईआर 2940 प्राप्त की। इसके अलावा आयुष मिश्रा, मननदीप सिंह कोहली, हर्षवर्धन विकास भगत, श्रेयांश रावत, अहाना खरे, प्रणय अमरवंशी और अक्षित शिवहरे ने भी इस परीक्षा को सफलतापूर्वक क्वालिफाई किया।

### सफलता का मुख्य आधार

इन विद्यार्थियों को आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित किया गया था, जो जेईई एडवांस्ड परीक्षा हेतु वैचारिक स्पष्टता, विश्लेषणात्मक सोच और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स बनाने पर केंद्रित है। छात्रों ने खुशी जताते हुए कहा कि वे तैयारी के सफर में लगातार गाइडेंस, एकेडमिक सपोर्ट और मेंटरशिप के लिए आकाश संस्थान के शुक्रगुजार हैं। स्टडी मटीरियल, क्लासरूम सेशन, मॉक टेस्ट और रेगुलर असेसमेंट ने उनके कॉन्सेप्ट्स मजबूत किए, जिससे यह कामयाबी मुमकिन हुई।

### प्रतिबद्धता और प्रवेश माध्यम

संस्थान के चीफ़ एकेडमिक और बिज़नेस हेड डॉ. एच. आर. राव ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी लगन व अनुशासित तैयारी का नतीजा है। आकाश टैलेंट निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि जेईई एडवांस्ड, प्रतिष्ठित आईआईटी में एडमिशन का माध्यम है, जिसे सबसे मुश्किल एंट्रेंस एग्जाम माना जाता है। जेईई मेन क्वालिफाई करने के बाद कैंडिडेट इसके योग्य होते हैं, जिसकी तैयारी आकाश क्लासरूम, हाइब्रिड और डिजिटल फॉर्मेट में कराता है।



# स्काउट्स एंड गाइड्स जिला परिषद की वार्षिक बैठक आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल की भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला परिषद की वार्षिक बैठक मंडल रेल प्रबंधक सभागृह में आयोजित की गई जिसमे मण्डल के वरि. मण्डल कार्मिक अधिकारी वरुण चतुर्वेदी, सहा. कार्मिक अधिकारी(कल्याण) सचिपति नंदन, सहा. मण्डल कार्मिक अधिकारी संदीप शर्मा की अध्यक्षता में की गई इस बैठक में मण्डल के आगामी कार्यक्रम, स्काउट गाइड आंदोलन का सेंसस बढ़ाने हेतु कार्य, स्काउट एवं गाइड के एडवांसमेंट, स्काउट और गाइड लीडर्स की ट्रेनिंग संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें मण्डल के पदाधिकारी जिला सचिव अनिल चौबे, संगठन आयुकत (स्काउट) विमलेश तिवारी, प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) आशीष सोनकर, संयुक्त सचिव संजीव तिवारी, संगठन आयुकत (गाइड) आरती रेकवार, प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) लक्ष्मी पाणिग्रही सहा. संगठन आयुक्त (स्काउट) अनिल पाली, सांस्कृतिक सचिव रजनीश यादव एवं जबलपुर,कटनी, सतना के सभी यूनिट लीडर उपस्थित हुए ।